**प्रेस-विज्ञप्ति** 18.01.2020

# देश के पहले टर्नर सपोर्ट ग्रूप से होगी इन लड़कियों को मदद

18 जनवरी 2020, प्रातः 11:30 बजे से मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, ग्रो सोसाइटी के साथ आई.एम.ए. कानपुर, कानपुर ओब्स (Kanpur Obs) व गायनिक सोसाइटी, कानपुर अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स तथा रीजेंसी हेल्थकेयर के संयुक्त तत्वाधान में "टर्नर सिंड्रोम" विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मर्चेंट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए आशा प्रकट की की भविष्य में इसके द्वारा इन लड़कियों को सहायता मिलेगी।

टर्नर सिंड्रोम से ग्रसित लड़कियों को सपोर्ट ग्रूप की स्थापना से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा, यह जानकारी बाल हॉर्मोन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग बाजपेई ने दी।
टर्नर सिंड्रोम गुणसूत्र से सम्बंधित रोग है जिसमें लड़कियों में एक X क्रोमसोम की कमी रहती है। इसका उनके ऊपर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर अनुराग ने बताया की इस रोग से लड़कियों की लम्बाई, शारीरिक विकास, होर्मोनेस, ह्रदय एवं श्रवण क्षमता प्रभावित होती है।

ग्रो इंडिया की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि कपूर ने बताया कि टर्नर सिंड्रोम 2500 में से एक लड़कियों में होता है। दुर्भाग्यवश उसका पता समय से ना चलने से अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ते है। उन्होंने बताया कि ग्रो इंडिया ने मर्चेंट चेम्बर एवं टर्नर सिंड्रोम इंडिया से साथ मिलकर राज्य के पहले टर्नर सपोर्ट ग्रूप को स्थापित किया है। टर्नर सपोर्ट ग्रूप इस रोग की जानकारी फैलाने का कार्य करेगा। सपोर्ट ग्रूप के माध्यम से इन लड़कियों को सामाजिक एवं स्वस्थ सम्बंधित सहायता प्रदान की जाएगी।
ग्रो सॉसाययटी की कोषाध्यक्ष एवं रिप्रोडक्टिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर यूथिका बाजपेई ने बताया इन लड़कियों को किशोरावस्था हेतु होर्मोनेस की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि IVF पद्दती द्वारा इन लड़कियों में गर्भ धारण सम्भव है।
टर्नर सिंड्रोम इंडिया के संस्थापक एवं कोलेरदो विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि टर्नर सिंड्रोम इंडिया भारत में विभिन्न भागो में टर्नर सिंड्रोम की जागरूकता का कार्य कर रही है।
वरिष्ठ हॉर्मोन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषि शुक्ला ने टर्नर सिंड्रोम से प्रभावित महिलाओं में जीवन पर्यंत हॉर्मोन उपचार की आवश्यकता पर बल दिया।

मर्चेंट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में साथ कार्य का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मैथानी, डॉक्टर चौरसिया, डॉक्टर O.P. पाठक, डॉक्टर आशीष बिस्वास, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मीरा अग्निहोत्री, डॉक्टर रीता मित्तल, डॉक्टर किरण सिंह, आनुवंशिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम ग़म्बिर, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनीत गुप्ता उपस्थित थे।